9. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग **60** शब्दों में उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

(क) समाचार पत्र-पत्रिका के संदर्भ में लेख से क्या तात्पर्य है ? लेख लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

(ख) पत्रकारीय लेखन का संबंध किससे है और यह साहित्यिक और सृजनात्मक लेखन से अलग कैसे है ?

(ग) मीडिया की भाषा में 'बीट' किसे कहते हैं ? बीट रिपोर्टर बनने के लिए एक पत्रकार में क्या योग्यता होनी चाहिए ?

**(पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

10. काव्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : $2 \times 3 = 6$

(क) 'शीतल वाणी में आग लिए फिरना' – यह पंक्ति किस अर्थ को द्योतित करती है ? 'आत्मपरिचय' कविता के संदर्भ में लिखिए।

(ख) कविता और फूलों के खिलने की प्रक्रिया के अंतर को स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कवि ने किसे और क्यों श्रेष्ठ सिद्ध किया है ?

(ग) 'बात सीधी थी पर' कविता के संदर्भ में लिखिए कि आप अपनी बात दूसरों तक पहुँचाने के लिए सहज, सरल भाषा का प्रयोग करेंगे या क्लिष्ट अलंकृत भाषा का । तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

11. काव्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(क) 'बस करो/नहीं हुआ/रहने दो' – इस प्रकार के शब्द मीडियाकर्मी द्वारा क्यों कहे गए ? 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के संदर्भ में कारण सहित लिखिए।

(ख) 'क्रांति की गर्जना का शोषक वर्ग पर क्या प्रभाव पड़ता है ? वह अपना मुँह क्यों ढाँप लेते हैं ?' – 'बादल राग' कविता के संदर्भ में लिखिए।

(ग) 'रुबाइयाँ' शीर्षक कविता से ली गई – "हाथों पे झुलाती है उसे गोद-भरी" – पंक्ति के संदर्भ में 'गोद-भरी' प्रयोग का भाव स्पष्ट कीजिए।



https://www.evidyarthi.in/

12. गद्‌य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'बाजार दर्शन' पाठ के आधार पर लिखिए कि पर्चेजिंग पावर से क्या अभिप्राय है ? यह किस रूप में दिखाई देता है ?

(ख) 'काले मेघा पानी दे' – पाठ में आया कथन "पहले खुद दो तब देवता तुम्हें चौगुना-आठगुना करके लौटाएँगे" – भारतीय संस्कृति की किस विशेषता का परिचायक है, और मानव समाज के लिए क्यों हितकर है ?

(ग) 'दुःख हो या सुख, वह हार नहीं मानता । न ऊधो का लेना, न माधो का देना ।' 'शिरीष के फूल' पाठ में आई यह पंक्ति किसके लिए कही गई, उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

13. गद्‌य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में दीजिए : **2 × 2 = 4**

(क) 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर लिखिए कि गाँव भयार्त्त शिशु की तरह क्यों काँप रहा था ?

(ख) श्रम विभाजन से क्या अभिप्राय है और इसकी क्या आवश्यकता है ? 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ग) 'उपनाम रखने की प्रतिभा होती, तो मैं सबसे पहले इसका प्रयोग अपने ऊपर करती' – 'भक्तिन' पाठ में लेखिका ने यह कथन किस संदर्भ में और क्यों कहा ?

### (पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)

14. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए : **2 × 2 = 4**

(क) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के संदर्भ में सिद्‌ध कीजिए कि समय के साथ न बदलने से व्यक्ति अकेला क्यों हो जाता है ?

(ख) 'जूझ' कहानी के आधार पर लिखिए कि लेखक की आनन्दा से आनंद यादव बनने की यात्रा में मास्टर सौंदलगेकर की क्या भूमिका थी ?

(ग) आज जल संकट एक बड़ी समस्या है, क्या ऐसे में सिंधु सभ्यता के महानगर मुअनजो-दड़ो से जल-व्यवस्था की प्रेरणा ली जा सकती है ? उचित उत्तर दीजिए ?



https://www.evidyarthi.in/

